प्रेस नोट थाना मदनापुर

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनांक – 27.04.2026

थाना मदनापुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वांछित 04 अभियुक्त एवं 01 अभियुक्ता सहित कुल 05 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मदनापुर के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं चिन्हित अपराधियों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मदनापुर पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 27.04.2026 को पीआरवी 6024 थाना मदनापुर पर तैनात का0 1791 मोहित कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियुक्तगण 1. रिषिपाल पुत्र पूरन निवासी ग्राम नोवतिया थाना गढ़िया रंगीन जनपद शाहजहाँपुर, 2. बलराम पुत्र रामेश्वर, 3. प्रीति पत्नी बलराम, 4. गोपाल पुत्र मुकेश, 5. अमित पुत्र विजय सिंह निवासीगण हाजीपुर थाना शमसाबाद जनपद फर्रुखाबाद तथा 4-5 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध लोक सेवक के विधिपूर्ण कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा उत्पन्न करने, गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने तथा प्राणघातक हमला कर मारपीट करने का आरोप लगाया गया। उक्त घटना में पीआरवी कर्मचारी का0 1791 मोहित कुमार एवं हो0गा0 2047 महेन्द्रपाल को चोटें आईं तथा उनकी वर्दी फाड़ दी गई एवं बॉडीवॉर्न कैमरा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मदनापुर पर मु0अ0सं0 91/2026 धारा 191(2)/121(1)/121(2)/132/352/351(3)/324(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में दिनांक 27.04.2026 को मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्तगण 1. रिषिपाल पुत्र पूरन, 2. बलराम पुत्र रामेश्वर, 3. प्रीति पत्नी बलराम, 4. गोपाल पुत्र मुकेश, 5. अमित पुत्र विजय सिंह को ग्राम हैदलपुर से समय 14:34 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तो का विवरण-

1. रिषिपाल पुत्र पूरन उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम नोवतिया थाना गढिया रंगीन जिला शाहजहांपुर।
2. बलराम पुत्र रामेश्वर उम्र करीब 48 वर्ष निवासी ग्राम हाजिपुर थाना शमसाबाद जिला फर्रुखाबाद।
3. प्रीति पत्नी बलराम उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम हाजिपुर थाना शमसाबाद जिला फर्रुखाबाद।
4. गोपाल पुत्र मुकेश उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम हाजिपुर थाना शमसाबाद जिला फर्रुखाबाद।
5. अमित पुत्र विजय सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम हाजिपुर थाना शमसाबाद जिला फर्रुखाबाद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक/समय-

ग्राम हैदलपुर , दिनांक 27.04.2026 समय - 14.34 बजे

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 उदयवीर सिंह, थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।
का0 कपिल कुमार, थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।
रिक्रूट आरक्षी शिवा चौधरी, थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।
महिला रिक्रूट आरक्षी स्वेता रानी, थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।
महिला रिक्रूट आरक्षी आंचल शर्मा, थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर।